<u>राज्य सभा</u>

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या 2797</u>

<u>17 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए</u>

चालू, लाभप्रद और रुग्ण इस्पात संयंत्र

2797. श्री रामदास अठावले:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान समय में देश में कितने इस्पात संयंत्र हैं उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उनमें से कितने इस्पात संयंत्र चालू हालत में, कितने लाभ की स्थिति में हैं तथा कितने रुग्ण हैं;

(ग) क्या सरकार इन रुग्ण इस्पात संयंत्रों की स्थिति सुधारने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>इस्पात और खान राज्य मंत्री</u> **<u>श्री विष्णु देव साय</u>**

(क)और (ख) : देश में क्रूड इस्पात का उत्पादन करने वाले प्रचालनात्मक इस्पात संयंत्रों की संख्या, क्षमता और उत्पादन के राज्यवार आंकड़े **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

(ग) और (घ) : इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और इसलिए निवेश संबंधी निर्णय व्यक्तिगत निवेशकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर लिए जाते हैं। व्यक्तिगत इस्पात संयंत्रों द्वारा अर्जित लाभ/हानि संपूर्ण रूप से बाजार संचालित होते हैं। सरकार की भूमिका सुविधादाता के रूप में होती है।

*****

(लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2797 दिनांक 17.12.2014)

अनुलग्नक

क्रूड स्टील के संबंध में इस्पात संयंत्रों की संख्या का राज्यवार ब्यौरा (2013-14)

सार्वजनिक क्षेत्र

क्षमता एवं उत्पादन हजार टन में

संयंत्र	राज्य	क्षमता	उत्पादन
सेल संयंत्र (पीएसयू)			
भिलाई इस्पात संयंत्र	छत्तीसगढ़	3925	5136
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	पश्चिम बंगाल	1802	2019
राउरकेला इस्पात संयंत्र	ओडिशा	1900	2291
बोकारो इस्पात संयंत्र	झारखंड	4360	3776
इस्को इस्पात संयंत्र	पश्चिम बंगाल	500	127
एलॉय इस्पात संयंत्र	पश्चिम बंगाल	234	122
सेलम इस्पात संयंत्र	तमिलनाडु	180	91
विश्वैश्वरैय्या आयरन एंड स्टील संयंत्र	कर्नाटक	118	13
कुल (सेल) : इकाइयों की सं.- 8		13019	13575
आरआईएनएल/विजाग इस्पात संयंत्र	आंध्र प्रदेश	2910	3202
कुल: सार्वजनिक क्षेत्र (इकाइयों की संख्या=9)		**15929**	**16777**

निजी क्षेत्र

राज्य	कार्यगत इकाइयां	क्षमता	उत्पादन
आंध्र प्रदेश	47	2465	847
अरूणाचल प्रदेश	1	74	16
असम	12	290	147
बिहार	42	1149	545
चंडीगढ़	2	77	20
छत्तीसगढ़	69	6096	4862
दमन	12	133	65
दादर एवं नगर हवेली	27	342	305
गोवा	20	716	386
गुजरात	60	10712	5104
हरियाणा	14	854	805
हिमाचल प्रदेश	15	381	360
जम्मू और काश्मीर	7	137	94
झारखंड	131	12854	11950
कर्नाटक	29	10330	9299
केरल	41	708	348
मध्य प्रदेश	15	267	129
महाराष्ट्र	74	11648	9265
मेघालय	12	308	104
नई दिल्ली	3	23	20
ओडिशा	116	9153	3839
पुद्दुचेरी	19	535	286
पंजाब	128	2755	2449
राजस्थान	62	1061	1980
तमिलनाडु	116	3848	2014
तेलांगाना	45	1348	693
उत्तर प्रदेश	95	1684	1502
उत्तराखंड	21	341	269
पश्चिम बंगाल	86	4803	7213
कुल: निजी क्षेत्र	**1321**	**85092**	**64916**

स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति(जेपीसी)